## सार-समाचार

### एन.एस.यू.आई. ने प्रदर्शन किया

**जोधपुर, ( कासं )।** एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को छात्र हितों की विभिन्न मांगों को लेकर जेएनवीयू के कुलपति कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। साथ ही कुलपति को सद्बुद्धि देने के लिए यज्ञ भी किया। बाद में अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बताया कि विश्वविद्यालय में पिछले लंबे समय से छात्र हितों को लेकर कई मांगें लंबित पड़ी है। कई बार इनके निस्तारण के लिए कुलपति को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन उन पर अभी तक कोई कार्यवाहीं नहीं की गई। ऐसे में आज कुलपति को सद्बुद्धि देने के लिए यज्ञ किया गया। इस दौरान मांगों का एक और ज्ञापन भी सौंपा गया। छात्र नेता अक्षय मेघवाल ने बताया कि इस मौके पर ऋषि गहलोत, अतिक मोदी, जुबैर इनायत, भावेश, हेमराज, महावीर अमृत आदि मौजूद थे। उन्होंने बताया कि संविधान पार्क के निर्माण में कई गड़बडिय़ां हुई। इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है। इसके साथ ही कई विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में जीरो नंबर आ रहे है लेकिन पुनर्मूल्यांकन में वह पास हो रहे है। इसकी भी जांच करवाने की मांग की गई है। इसके अलावा विवि के हर संकाय में ठंडे पानी व शौचालय की व्यवस्था करने, रिजल्ट जल्द करने, विवि के मुख्य प्रवेश द्वार पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने, हर संकाय में छात्र परामर्श केंद्र स्थापित करने की मांग की गई है।

### ब्राह्मण समाज ने उचित प्रतिनिधित्व मांगा

**जोधपुर, ( कासं )।** अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण फ़ेडरेशन (आईबीएफ) ने राजस्थान उच्च न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से पैरवी करने के लिए नियुक्त किए जाने वाले अधिवक्ताओं में ब्राह्मण समाज के अधिवक्ताओं को उचित प्रतिनिधत्व देने की राज्य सरकार से मांग की है। जिलाध्यक्ष राजेश सारस्वत ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष हस्तीमल सारस्वत ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर मांग की हैं कि उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ में पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं में करीब पैतीस प्रतिशत ब्राह्मण अधिवक्ता हैं, फिर भी अभी तक जारी सरकारी अधिवक्ताओं की सूची में ब्राह्मण समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य पीठ के लिए महाधिवक्ताओं के बारह पद स्वीकृत हैं, अभी तक नियुक्त दस महाधिवक्ताओं में एक भी ब्राह्मण समाज के अधिवक्ता को शामिल नहीं किया गया हैं, जिसके कारण ब्राह्मण समाज में भारी रोष हैं। उन्होंने कहा कि पिछली कांठोस सरकार के कार्यकाल में मुख्य पीठ में नौ महाधिवक्ताओं के पद स्वीकृत थे, उनमें पांच महाधिवक्ता अनिल जोशी, अनिल गौड़, मनीष व्यास, करण सिंह राजपुरोहित एवं पंकज शर्मा ब्राह्मण थे। उन्होंने चेतावनी दी हैं कि यदि ब्राह्मण समाज को इस तरह अनदेखा किया गया तो आगामी विधानसभा उप चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### उद्योग प्रोत्साहन कैम्प आज

**जालोर, ( कासं )।** जिला कलैक्टर के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र तथा रीको के संयुक्त तत्वावधान में जालोर जिले में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने व उद्यमियों की समस्याओं का निवारण कर उन्हें उचित मागदर्शन प्रदान करने के लिए बुधवार को प्रातः 11 से सायं 4 बजे तक बजे भीनमाल रोड़ जालोर पर स्थित इकाई कार्यालय, रीको औद्योगिक क्षेत्र तृतीय चरण जालोर में उद्योग प्रोत्साहन कैम्प का आयोजन किया जायेगा। रीको के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एस.सी.गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में नई इकाईयों की स्थापना किये जाने पर बल दिया गया हैं ताकि राज्य में औद्योगिकीकरण की सतत् गति में वृद्धि होने के साथ-साथ राज्य सरकार को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हो सकें तथा उद्यमी भी अपने उद्योग से आय अर्जित कर सकें तथा औद्योगिकीकरण से स्थानीय निवासियों को रोजगार भी प्राप्त हों, जिसके लिए 3 जुलाई को उद्योग प्रोत्साहन कैम्प का आयोजन किया जायेगा जिसमें जिला प्रशासन, उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, राजस्थान वित्त निगम, बैंकर्स, रोजगार कार्यालय, आईटीआई के अधिकारियों द्वारा उद्यमियों को नये उद्योग स्थापित किये जाने व बंद पड़ी इकाईयों को पुनः प्रारंभ करने के लिए उचित मार्गदर्शन दिया जायेगा।

### पानी के लिए खाली मटकियां फोड़ी

**जोधपुर,( कासं )।** भीषण गर्मी में शहर में कई स्थानों पर पेयजल किल्लत बनी हुई है। कई इलाके ऐसे भी है जहां कई महीनों से पानी नहीं आ रहा है। वहां महंगे दामों में टैंकर से पानी मंगवाया जा रहा है। झालामंड क्षेत्र स्थित हरिओम नगर में भी पिछले दो सालों से पानी की समस्या बनी हुई है। इसको लेकर आज क्षेत्रवासियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर खाली मटकियां फोडक़र प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। क्षेत्रवासियों ने बताया कि हरिओम नगर में पिछले लंबे समय से पेयजल किल्लत बनी हुई है। यहां पानी की समस्या के लिए कई बार पीएचईडी विभाग में लिखित शिकायत दी गई। इसके बावजूद उनकी मांग पर कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया। उन्होंने कई बार जलदाय विभाग के समक्ष पानी की मांग को लेकर रोष भी जताया। मंगलवार को ये क्षेत्रवासी एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और यहां खाली व सूखी मटकियों के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्ट्रेरट के बाहर मटकी फोड़ कर प्रदर्शन किया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे। उन्होंने चेतावनी दी है कि शीघ्र पेयजल समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। बाद में इन लोगों ने जिला प्रशासन को अपनी मांग का एक ज्ञापन भी सौंपा।

### गौपूजन के साथ की गौसेवा की

**जालोर, ( कासं )।** भारत विकास परिषद् जालोर की ओर से चल रहे सेवा और पर्यावरण पखवाङे के पांचवें दिन सोमवार शाम को शहर के सिरे मंदिर रोड़ स्थित शांतिनाथ आदर्श गौशाला में गौ सेवा का कार्यक्रम परिषद् के प्रान्तीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी शाखाध्यक्ष राजेंद्र भूतड़ा व जिला महिला संयोजक मधु शेखावत की उपस्थिति में किया गया। परिषद् के कई कार्यकर्ता गौशाला में उपस्थित हुए एवं सर्वप्रथम प्रतीकात्मक रूप से कुमकुम का तिलक लगाकर और धूप दीप अर्पित कर परिषद् की महिला कार्यकर्ताओं द्वारा गौ माता का पूजन किया गया। तत्पश्चात गौशाला में मौजूद गोवंश को कोषाध्यक्ष शंकर लाल माली के सौजन्य से 6 क्विंटल हरा चारा खिलाया गया तथा गौवंश के लिए एक टैंकर पानी की भी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर प्रेम कुमार परमार, महेंद्र आनंद वैष्णव, महिला संयोजक सीमा जोशी, श्यामा भूतङा, कमल किशोर भूतड़ा, अशोक सोनी, जगदीश अग्रवाल, भेरूलाल सोनी, पदमाराम माली, निलेश आदि उपस्थित थे।

### छत से गिरे श्रमिक की अस्पताल में मौत

**जोधपुर, ( कासं )।** निकटवर्ती बोरानाडा क्षेत्र में एक फैक्ट्री की छत से गिरने से घायल हुए श्रमिक की अस्पताल में मौत हो गई। फैक्ट्री की छत से गिरने से घायल हुए श्रमिक को उपचार के लिए एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर उसकी उपचार के बीच मौत हो गई। चचेरे भाई की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। बोरानाडा पुलिस ने बताया कि मूलतः बिहार के भागलपुर हाल बोरानाडा स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करने वाला श्रमिक अजीत कुमार मंडल दो दिन पहले फैक्ट्री की छत से गिर गया। तब उसे घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। उसके चचेरे भाई भागलपुर बिहार निवासी राजकुमार पुत्र कानिकलाल मंडल ने मर्ग में रिपोर्ट दी। पुलिस ने कार्रवाई के बाद शव परिजन को सुपुर्द किया।

### खेत में किसान की करंट से मौत

**जोधपुर, ( कासं )।** बारिश का मौसम होने के साथ ही अब ग्रामीण क्षेत्रों में करंट लगने से मौत के मामले भी सामने आ रहे हैं। खेत में काम करते किसान की करंट लगने से मौत हो गई। घास काटते हुए अचानक बिजली पोल में हाथ लग गया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई की। हादसा जोधपुर ग्रामीण के ओसियां थाना क्षेत्र के चेराई गांव का है। चेराई गांव के महादेव नगर निवासी पूनाराम पुत्र भीकाराम जाट सोमवार शाम खेत में कृषि कार्य करने के लिए गया था। इस दौरान खेत में घास की कटाई कर रहा था। तभी बिजली के एक पोल में हाथ लगने से वह करंट की चपेट में आ गया। इसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में रखकर सरकारी अस्पताल भिजवाया।

### दो जगहों से बाइक चोरी

**जोधपुर ( कासं )।** शहर में वाहन चोर दो जगहों से बाइक को चुरा ले गए। सदर कोतवाली थाने में दी रिपोर्ट में फतेह सागर रोड निवासी मांगीलाल पुत्र हरजीराम मेघवाल ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर खड़ी की उसकी बाइक अज्ञात चोर ले गए। इसी तरह प्रतापनगर थाने में दी रिपोर्ट में ऊंटों की घाटी निवासी मनोहर पुत्र गंगाराम भील ने पुलिस को बताया कि वह कायलाना झील सिद्धनाथ रोड पर आया था।

# निष्क्रिय पदाधिकारी सक्रिय हो कर कार्य करें : मोहन डागर

**जालोर, (कासं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की बैठक मंगलवार को जिला प्रभारी मोहन डागर के मुख्य आतिथ्य एवम कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन जालोर में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिले के कांग्रेस संगठन गतिविधियों पर विचार विमर्श कर संगठनात्मक सक्रियता का फीडबैक जिला प्रभारी मोहन डागर ने लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी महासचिव मोहन डागर ने कहा कि में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के आदेश से जालोर जिले का संगठनात्मक सक्रियता का फीडबैक लेने आया हु। आपके संगठन को और अधिक मजबूत करने वाले सुझाव का स्वागत है।

डागर ने कहा कि चुनाव में कार्यकर्ताओं द्वारा भरपूर मेहनत की जाती है लेकिन कई बार परिणाम हमारे पक्ष में नही आता है जिससे निराश एवम हताश नही होना चाहिये। उन्होंने सक्रिय पदाधिकारीयो को धन्यवाद देकर आभार जताया साथ ही निष्क्रिय पदाधिकारियों को चेतावनी के साथ सक्रिय होने का आग्रह भी किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि हम समस्त कांग्रेसजनों को पूर्व की गहलोत सरकार के लोककल्याणकारी कार्यो को आमजन के बीच जाकर बताना चाहिये साथ ही भाजपा सरकार की नाकामियों एवम विफलताओं को आमजन के सामने उजागर करना चाहिए। जिस तरह जालोर में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं व स्वीकृत हुए है उनको राजनेतिक द्वेषभाव से रोक दिया है।

उन्होंने कहा कि हमे जनहित की समस्याओं हेतु प्रशासन को ज्ञापन देकर उनका निराकरण करवाना चाहिए। और आगे हमे जन आंदोलन भी करने के लिये तैयार रहना चाहिए।




जालोर शहर के राजीव गांधी भवन में कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन जालोर का पुनः निर्माण के लिए पुखराज पाराशर का आभार व्यक्त कर प्रस्ताव रखा, जिसे समस्त कांग्रेसजनों ने सर्व सहमति से पारित किया। उन्होंने कहा कि ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्ष सहित पदाधिकारी और अधिक सक्रिय होकर कार्य करना चाहिए।

बैठक को संबोधित करते हुए पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने बडी मजबूती के साथ चुनाव लडा साथ ही समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर मजबूती से कार्य किया। जिसके लिये वैभव गहलोत एवम कार्यकर्तागणो को धन्यवाद एवम आभार।

बैठक को प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, आहोर की सरोज चौधरी, जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल, प्रदेश महासचिव उम सिंह राठौड,प्रदेश महासचिव लाल सिंह धानपुर, पूर्व प्रधान प्रदीप सिंह सियाणा, प्रदेश सचिव शहजाद अली,जुल्फिकार अली भुट्टो, सवाई सिंह चंपावत ने भी सम्बोधित किया।


बैठक समाप्ति के पश्चात समस्त कांग्रेसजनों ने एकत्रित होकर पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय स्वीकृति एवम शुरू किये गये जिले के विकास कार्यो को शीघ्र पूरा करने के संबंध में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम एक ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर जालोर को सौपा। जिसमें विशेष रूप से जालोर जिले मुख्यालय पर मेडिकल कालेज, जालोर के किले पर सडक निर्माण, वीर वीरमदेव कान्हडदेव का पैनोरमा, जालोर बागरा फोर लेन सडक,अनार मंडी जीवाणा, नरसाणा से धुंधाडा सडक,सायला में न्यायालय, रोहट से जालोर सड़क का नवीनीकरण सहित अनेक विकास कार्य शामिल है।

ज्ञापन मे बताया कि समय पर कार्य पूरे नही किये तो कांग्रेसजन आंदोलन भी करेंगे। साथ ही नीट परीक्षा में धांधली,बिजली पानी की समस्या, जालोर शहर की दुर्दशा, विपक्षी नेताओं पर राजनेतिक दुर्भावनावश मुकदमे दर्ज पर कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। बैठक में कई जने उपस्थित थे।

# मदन राठौड़ को पी.एम. सहित कई जनों ने बधाई दी

**पाली, ( नि.सं. )।** राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ के 70 वें जन्मदिन अवसर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें फोन कर बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यसभा सदन में उपराष्ट्रपति एवं सभापति माननीय जगदीप धनकड़ ने सदन में सांसद राठौड़ को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एव केंद्रीय स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्री जेपी नड्डा , राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित राजस्थान व केन्द्रीय मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सदस्यों सहित साथी संसद सदस्य और भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी ने मंगलवार को सांसद राठौड को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ ने जन्मदिन मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

### भूलवश एसिड पीने से मृत्यु

**जोधपुर, ( कासं )।** शहर के सांसी कॉलोनी पांच बत्ती क्षेत्र में रहने वाले एक अधेड़ ने भूलवश एसिड का सेवन कर लिया। तबीयय बिगडऩे पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। इस बारे में मृतक के पुत्र की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी है। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि सांसी कॉलोनी पांच बत्ती निवासी प्रेम सांसी की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके पिता 51 वर्षीय सादुलराम पुत्र हुकमाराम सांसी ने भूल से एसिड का सेवन कर लिया। तबीयत बिगडऩे पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर बाद में उनकी मौत हो गई। इसमें बारे में पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया।

### पंचायत स्तर पर होगा जनसुनवाई का आयोजन कल

**जालोर ( कासं )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत 4 जुलाई को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा जिसमें आमजन की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना ने बताया कि जुलाई माह के प्रथम गुरूवार, 4 जुलाई को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शिविर आयोजित किये जायेंगे। जनसुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया जायेगा।

### जनसुनवाई कल

**धोरीमन्ना**, (निसं)। उपखंड क्षेत्र धोरीमन्ना की समस्त ग्राम पंचायतो में ग्राम पंचायत स्तर पर 4 जुलाई को प्रातः 11 बजे से जनसुनवाई एवं समस्या समाधान शिवर का आयोजन किया जाएगा। सभी ग्राम स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आमजन को सूचित किया गया है कि वह अपने परिवाद शिकायतें जनसुनवाई में प्रस्तुत करें। जिससे इनका तत्वरित निस्तारण किया जा सके। यह जानकारी एस.डी.एम. धीरेन्द्रसिंह सोनी ने दी।

### बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे वृद्ध की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। रातानाडा स्थित लड्डा कॉलोनी क्षेत्र में बाइक सवार ने एक पैदल वृद्ध को टक्कर मार दी। हादसे में घायल वृद्ध की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। इस बारे में मृतक के भाई की तरफ से रातानाडा थाने में मामला दर्ज करवाया है।

रातानाडा थाने के हैड कांस्टेबल सुभाष सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट कॉलोनी रोड स्थित भगवती कॉलोनी निवासी 60 साल के गोविंदसिंह पुत्र हरिसिंह पैदल लड्डा कॉलोनी क्षेत्र से निकल रहे थे। तब एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल गोविंद सिंह की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार चौपासनी हाउसिंग बोर्ड का जय कर्नावट भी घायल हुआ है।

# खेलों से जुड़े लोगों ने पीड़ा बताई

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान में खेल व खिलाड़ियों की पीड़ा पर राजस्थान सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए खेल प्रशिक्षक व विभिन्न खेल के खिलाड़ियों एवं खेल पदाधिकारियों ने अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिव शरण मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया

मुक्केबाजी प्रशिक्षक पुष्पेंद्र परमार ने बताया कि वर्तमान राजस्थान सरकार अपने मानवीय मूल्यों, जन केंद्रित और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ-साथ नैतिक आचरण, त्वरित नीति निर्माण और सकारात्मक मनोवृति और क्रीडा क्षेत्र, जो आजादी के बाद से ही उपेक्षित रहा हैं। पुनरोद्धार के लिए करुण क्रंदन कर रहा है।

मुख्यमंत्री वर्तमान सरकार अपने संवेदनशील निर्णय और दूरदर्शी दृष्टिकोण के लिए आज जनता में लोकप्रिय और स्वीकार्य है। इस प्रकार से राजस्थान का युवा और खेल प्रेमी प्रत्येक व्यक्ति उम्मीद लगाए बैठा है कि इस कार्यकाल में सरकार खेलों में कुछ नवाचार करेगी।



जालोर में खिलाड़ियों व लोगों ने खेल समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन ए.डी.एम. शिवचरण मीणा को सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

राजस्थान के खेल क्षेत्र की यथार्थ स्थिति में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी, विभिन्न खेल कोचों की कमी, खेल पदाधिकारी की कर्मी, पुरुस्कार का राशि का अभाव, खेल छात्रावास का नामकरण राजस्थान राज्य में जन्मे खिलाड़ियों के नाम पर न होना, जर्जर स्टेडियम, खेल नर्सरी की कमी, इस प्रकार से राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा संचालित खेलों की भी प्रमुख मांगे हैं। जिसमें भोजन भत्ते की कमी, प्रशिक्षक को वरीयता देना, भोजन भत्ते में वृद्धि, आवश्यक सुविधाओं की कमी इस प्रकार से राजस्थान में खेलों की बहुत ही बुरी दुर्दशा है। जिसको अच्छा बनाने के लिए राजस्थान के खिलाड़ियों द्वारा वह खेल से जुड़े हुए व्यक्तियों द्वारा राजस्थान सरकार को अवगत कराने के लिए सभी खेल प्रेमियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवचरण मीणा को ज्ञापन देकर कहा कि राजस्थान में भी हरियाणा की तर्ज पर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। जिससे कि राजस्थान के खिलाड़ियों राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर सके।

इस अवसर पर भागीरथ गर्ग, ओम प्रकाश गर्ग, ओमप्रकाश परमार, हितेश सोलंकी, गजेंद्र सिंह, राहुल परमार विकास जावा आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ ने गैर शैक्षणिक कार्य करने से मना किया, प्रशिक्षण नहीं लिया

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुड़ामालानी ब्लॉक के इशिक्षकों ने उपखंड कार्यालय के आगे भारी रोष जताते हुए उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा को शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य और ई-ग्राम प्रभारी के कार्य से मुक्त करने को लेकर लिखमाराम भांभू ब्लाक अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के तत्वावधान में ज्ञापन दिया।

सरकार द्वारा शिक्षा विभाग के अध्यापकों को कार्य दिया गया है । जिसको लेकर मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में सभी कि ट्रेनिंग थी,लेकिन सभी शिक्षकों ने भारी रोष जताते हुए राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के तत्वावधान में ज्ञापन देकर कहा कि अधिकार अधिनियम के अनुसार शिक्षकों की ड्यूटी दशकीय जनगणना, राहत कार्यो ( विभीषिका), स्थानीय प्राधिकारी। राज्य विधानमंडला संसद के चुनाव के अतिरिक्त अन्य किसी भी गैर शैक्षणिक कार्यो में नहीं लगाई जा सकती । इसके बावजूद भी गुडामालानी में शिक्षकों को ई- ग्राम प्रभारियों के रूप में नियुक्त किया गया है। शिक्षकों को गैर- शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखा जाए। ई-ग्राम प्रभारियों के ड्यूटी आदेश निरस्त किये जाएँ । सभी शिक्षकों ने कार्य का बहिष्कार किया । उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा के द्वारा शिक्षकों से बात कर उनके कार्य में आ रही बाधाओं को दुर करने के साथ कार्य में सहयोग करने का आश्वासन भी दिया, लेकिन शिक्षक संघ नहीं माना ओर ज्ञापन देकर बिना ट्रेनिंग दिये वापस चल दिये।

ज्ञापन से पहले शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं प्रधान बिजलाराम चौहान एवं उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा कि वार्तालाप हुई जिसमें शिक्षक संघ ने पूरी तरह से गैर शैक्षणिक कार्यो करने से मना कर दिया।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**जालोर**, (कासं)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जालोर के न्यायाधीष महेश कुमार ने मंगलवार को हत्या के आरोपी श्रवणसिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

प्रकरण के अनुसार भगवानाराम पुत्र देवाराम जाति देवासी निवासी रामा ने पुलिस थाना भाद्राजून में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 12 मार्च 2022 को सुबह मै मेरे काश्त के खेत से घर की ओर जा रहा था। जब मै प्रतापराम चौधरी के खेत के गेट पर पहुंचा। तब मैने देखा कि मेरा पुत्र भीखाराम व उसके साथ सुजाराम पुत्र सोनाराम भील निवासी रामा मेरे घर से मेरे खेत की ओर आ रहे थे। जैसे ही मेरा पुत्र व सुजाराम प्रतापराम चौधरी के खेत के मुख्य गेट पर पहुंचे। तभी श्रवणसिंह पुत्र निर्भयसिंह गाली गलौच करता हुआ सामने की दीवार फांदकर प्रतापराम चौधरी के खेत के मुख्य गेट पर खडे मेरे पुत्र भीखाराम पर गोली चला दी। जिससे मेरे पुत्र की उसी समय मृत्यु हो गई। सुजाराम ने श्रवणसिंह को बन्दुक के साथ पकड़ा तो श्रवणसिंह ने सुजाराम का गला दबाकर जोर से धक्का देकर बन्दुक लेकर मौके से भाग गया। श्रवणसिंह के फायरिंग से मेरे पुत्र भीखाराम की मृत्यु हो गई। वही दानाराम पुत्र कुआराम भील निवासी भावनगर जिला पाली के दोनो पुत्रो के भी गोली लगी। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी श्रवणसिंह को गिरफतार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। पुलिस ने बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। एडीजे जालोर के न्यायाधीश महेश कुमार ने दोनो पक्षो की बहस सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद हत्या के आरोपी श्रवणसिंह को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वही इस प्रकरण के दो अन्य आरोपियों को सन्देह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया। सरकार की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक रमेश कुमार सोलंकी ने की।

# मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कार्यों का निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने मंगलवार को सायला पंचायत समिति में विभिन्न स्थानों पर महात्मा गांधी नरेगा के तहत चल रहे कार्यो, वृक्षारोपण कार्यो, अमृत सरोवर, चारागाह विकास कार्य, नाड़ी पुनरूद्धार कार्य, श्री अन्नपूर्णा रसोई केन्द्र रेवतड़ा का निरीक्षण कर कार्यो की प्रगति व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने मंगलवार को आलासन, रेवतड़ा व तड़वा ग्राम पंचायत में स्थित गोचर भूमि पर चल रहे गड्ढे खुदाई व वृक्षारोपण कार्य, चारागाह विकास कार्य व नाड़ी पुनरूद्धार कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत आलासन स्थित लाखेटिया तालाब पर किये जा रहे अमृत सरोवर कार्य का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नॉर्म्स के अनुरूप गड्ढे खुदवाने व मानसून आने पर लक्ष्यानुरूप वृक्षारोपण कार्य कर कच्ची-पक्की बाड़ का ट्री-गार्ड लगाकर सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने ग्राम पंचायत मुख्यालय तड़वा, आलासन व रेवतड़ा में नियमित रूप से साफ-सफाई कार्य किये जाने को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने बाकरा रोड़ स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई केन्द्र के अवलोकन के दौरान संचालक को मैन्यु के अनुरूप समय पर भोजन उपलब्ध करवाने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला परिषद के सहायक अभियंता कुलवंत कालमा साथ रहे।

# श्रीसंवित् गुरु करुणालय का लोकार्पण 19 को

**जोधपुर**, (कासं)। दईजर लाछा बासनी स्थित संवित धाम आश्रम के मुख्य मंदिर गिरिराजेश्वरी के चिंतामणि मंडप में बने नए मंदिर श्रीसंवित गुरु करुणालय का लोकार्पण 19 जुलाई को सुबह 11 बजे होगा।

इस मंदिर में परमहंस संविदाचार्य स्वामी ईश्वरानंद गिरि महाराज का लाइफ साइज पोट्रेट लगाया जाएगा और चांदी की पादुका विराजमान की जायेगी। संत सरोवर, सोमाश्रम ,अर्बुदाचाल के अधिष्ठाता स्वामी संवित नारायण गिरि महाराज के सानिध्य में अनेक संतों की उपस्थिति में लोकार्पण होगा।

संवित साधनायन संस्थान के संयुक्त सचिव शेखर थानवी और रमेश शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कलाकार प्रो ज्योति स्वरूप शर्मा द्वारा लाइफ साइज पोट्रेट एकदम जीवंत बना है। संस्थान की अध्यक्षा रानी उषा देवी के निर्देशन में होने वाले गुरु पूर्णिमा उत्सव के तहत स्वामी ईश्वरानन्द गिरि महाराज का श्रीविठाह मूर्ति श्रीसंवित गुरु मंदिर में और लाइफ साइज पोट्रेट श्रीसंवित गुरु करुणालय में लगाया जा रहा है।

श्रीसंवित गुरु करुणालय मंदिर के निर्माण की परिकल्पना वरिष्ठ संवित साधक, प्रसिद्ध आर्किटेक्ट, इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व अधिष्ठाता प्रो नरेंद्र कुमार आमेटा ने की है जबकि इसके निर्माण की प्रक्रिया वरिष्ठ संवित साधक ब्रजेश हर्ष के निर्देशन में पूरी हुई है। वहीं स्वामी ईश्वरानन्द गिरि महाराज की पहनी हुई पादुका को चांदी में खुबसूरत रूप से रोहित सोनी ने तैयार किया है।

संस्थान के महेश बोहरा और गोविंद दिनेश जोशी ने बताया कि 19 जुलाई को संवित धाम में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव का शुभारंभ सुबह ध्वजारोहण से होगा। देश विदेश के साधकों के साथ आश्रम में शोभा यात्रा के बाद सुबह 11 बजे श्रीसंवित गुरु करुणालय मंदिर का लोकार्पण होगा।

# मरीजों के लिए ई- रिक्शा

**जोधपुर**, (कासं)। एमडीएम अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए ई रिक्शा की निशुल्क व्यवस्था रोटरी क्लब के सहयोग से की गई।

अधीक्षक डॉ नवीन किसोरिया ने बताया कि एम डी एम हॉस्पिटल में रोटरी क्लब जोधपुर राउंड टाउन क्रे सौजन्य से 5 ई रिक्शा निशुल्क उपलब्ध करवाए गए है जो भर्ती मरीजों को एक वार्ड से दूसरे वार्ड एवं गेट नंबर 1 एवं गेट नंबर 2 से आने वाले मरीजों को गेट से इलाज़ क्रे स्थान पर निशुल्क छोड़े जाएंगे। इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नही लिया जायेगा, ये सुविधा 24 घंटे उयलब्ध रहेगी, ये सुविधा चिकित्सालय प्रशासन द्वारा संचालित की जाएगी। प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ रंजना देसाई, उमेद अधीक्षक डॉ अफजल, एम जी एच अधीक्षक डॉ एफ एस भाटी आदि उपस्थित रहे।